हिन्दी सान्ध्य दैनिक  जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–163 : जौनपुर, सोमवार 27 फरवरी 2023    सान्ध्य दैनिक ( संस्करण )    पेज –4  मूल्य : 2 रूपया

## बजट : गांव किसान और पर्यटन पर विशेष बल –मृत्युंजय दीक्षित

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार ने प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा 6.90 लाख करोड़ रुपए का बजट प्रस्तुत किया है जिसमें केंद्रीय बजट की तरह ही प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने पर बल दिया गया है और आगामी लोकसभा व नगर निकाय चुनावों को ध्यान में रखते हुए सामाजिक सरोकारों तथा शहरी क्षेत्रों व नगर निकायों के विकास पर भी बल दिया गया है ।बजट में पहली बार किसी वर्ग विशेष या फिर धर्म विशेष का तुष्टिकरण भी नहीं किया गया है। वैसे भी जब से योगी सरकार बनी है तब से जितने भी बजट प्रस्तुत किए गये हैं सभी सबका साथ सबका विकास के नारे को ही ध्यान में रखकर प्रस्तुत किये गये हैं। योगी सरकार के वर्तमान बजट में जल तथा पर्यावरण संरक्षण सहित समाज के उच्च वर्ग से लेकर समाज के वंचित तबकों का भी पूरा ध्यान रखा गया है। यह बजट प्रदेश को आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश बनाने की ओर अग्रसर होगा। प्रदेश सरकार अपने आर्थिक दृसामाजिक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सतत रूप से प्रयत्नशील है और बजट के माध्यम से दावा कर रही है कि संकल्प पत्र के 110 संकल्प पूरे कर चुकी है और शेष कार्यों में प्रगति जारी है ।प्रदेश के बजट में समाज के सभी क्षेत्रों के विकास पर पर्याप्त बल दिया गया है ।उद्योगों, सड़कों, सेतुओं और उपरिगामी सेतुओं के लिए खजाना खोला गया है जबकि युवाओं के लिए भी कई उपहारों की घोषणाएं की गई हैं । प्रदेश में मिर्जापुर, देवीपाटन और मुरादाबाद में तीन नये राज्य विश्वविद्यालयों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया गया है। दो नए लिंक एक्सप्रेस वे सहित प्रदेश के बजट से बुंदेलखांड में औद्योगिक विकास को रफ्तार भी मिलने जा रही है। प्रदेश के बजट में पर्यटन के लिए किसी विशेष योजना की घोषण तो नहीं की गई है लेकिन पर्यटन स्थलो के विकास के लिए 237 करोड़ का पिटारा खोलकर सरकार ने धार्मिक व सांस्कृतिक स्थलों के विकास को और गति देने पर बल दिया है। प्रदेश में वर्ष 2022 में कुल 24.87करोड़ से अधिक पर्यटक आए थे जिनमें चार लाख से अधिक विदेशी पर्यटक शामिल थे ।वर्तमान बजट में शक्तिपीठ मां शाकुम्भरी देवी मंदिर के समेकित पर्यटन विकास के लिए 50करोड़ रुपए खर्च होंगे ।प्रयागराज के विकास के लिए 40 करोड़ रुपए खर्च होंगे ।बौद्ध परिपथ के विकास के लिए 40 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। बंदेलखंड के विकास के लिए 40करोड़ तथा शुक्रतीर्थ धाम के पर्यटन विकास के लिए 10 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। साथ ही इस बात पर भी बल दिया गया है कि जो परियोजनाएं पहले से चल रही हैं उनके लिए भी धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। नैमिषारण्य धाम तीर्थ परिषद के विकास के लिए 2.50करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय में वैदिक विज्ञान केंद्र की स्थापना का मार्ग भी इस बजट से प्रशस्त हुआ है। वर्ष 2025 में प्रयागरज कुंभ के लिए 2,500 करोड़ रुपए आवंटित कर दिये गये हैं। गौमाता और किसान – प्रदेश में निराश्रित गोवंश एक बड़ी समस्या बनकर उभरा है तथा अब वह सरकार के विरोध का माध्यम भी बन गया है अतः निराश्रित गोवंश का रख रखाव करने के लिए 750करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है ।शहरी क्षेत्रों में गौशालाओं के निर्माण के लिए भी 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।



सरकार ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए बजट में 113.52करोड़ रुपए का प्रावधान किया है ।सरकार ने किसानो के विकास व उनकी आय बढ़ाने के लिए कई कदम उठाये हैं ।राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के लिये 984 करोड़ प्रस्तावित किये गये हैं। कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लिए 750करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है ।प्रदेश सरकार व कृषि विश्लेषकों का अनुमान है कि अब प्रदेश के किसानों की आय विभिन्न योजनाओं के सहारे लगातार दोगुनी हो रही है ।उत्तर प्रदेश किसानों को फ्री बिजली देने वाला छठा राज्य बन गया है ।सिंचाई के क्षेत्र में नये राजकीय नलकूपों के लिए 502करोड़ व नलकूपों के पुनर्निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। प्रदेश आज लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है क्योंकि यह दुग्ध उत्पादन, गन्ना एवं चीनी उत्पादन तथा एथेनाल की आपूर्ति में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुका है ।कोविड वैक्सीनेशन, किसानों को डीबीटी के माध्यम से भुगतान आदि कई अन्य योजनाओं में भी उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है। कुछ लोग प्रश्न कर रहे हैं कि प्रदेश सरकार ने बजट में आम जनता के लिए क्या किया जबकि वास्तविकता यह है कि सरकार ने सभी का ध्यान रखते हुए सामाजिक सरोकारों पर विशेष बल दिया है और सबसे बड़ी बात यह है कि यह बजट ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद प्रस्तुत किया गया जिसके कारण इसका महत्व और बढ़ जाता है। उत्तर प्रदेश का बजट इंटरनेट मीडिया पर भी छाया रहा। ट्विटर पर यूजर्स ने इसे योगी का उपयोगी बजट बताते हुए सरकार की आर्थिक नीतियों की जमकर सराहना की। उस दिन रुयोगीऋकाऋबजट ट्विटर पर लगातार टाप ट्रेंड करता रहा था और एक अरब 20करोड़ से अधिक बार ये हैशटैग प्रदर्शित हुआ, जो एक कीर्तिमान बन गया। 20 हजार से अधिक लोगों ने बजट की जमकर प्रशंसा की और इसके अलावा 35 हजार से अधिक बार हैशटैग को रीट्वीट, रिप्लाई और लाइक करते हुए यूजर्स ने योगी सरकार के बजट का समर्थन किया। यही कारण है कि आज प्रदेश का विपक्ष घबराहाट में जातिवाद पर आधारित राजनीति पर बल देने लग गया है ताकि जनमानस का ध्यान बंट जाये और उनका स्वार्थ सिद्ध हो जाए। यद्यपि सदा की तरह विपक्ष बजट से प्रसन्न नहीं है और निराशावादी बयान जारी कर रहा है। विधानसभा सत्र में सपा मुखिया अखिलेश यादव बजट की सीधी आलोचना नहीं कर पा रहे हैं और न ही कोई कमी बता पा रहे हैं अपितु वह कह रहे हैं कि बजट में जातीय जनगणना के लिए धन का प्रावधान नहीं किया गया है ।जातीय जनगणना पर समाजवादी दल केवल राजनैतिक बयानबाजी कर रहा है और प्रदेश की बहुसंख्यक हिंदू समाज को जातिगत आधार पर बांटकर अपना स्वार्थ सिद्ध करना चाहता है ।समाजवादी पार्टी के मुखिया को अच्छी तरह जानते हैं कि किसी भी प्रकार की जनगणना कराना केंद्र सरकार का काम है तब भी वह असंवैधानिक बयानबाजी कर रहे हैं। प्रदेश में जातिगत जनगणना की मांग एक बहुत ही सुनियोजित साजिश है वह चाहते है कि प्रदेश की जनता का ध्यान विकास और अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण आदि से हट जाए और उनका स्वार्थ सिद्ध हो जाए। जो परिवारवादी और तथाकथित बहुजनवादी दल जिनकी सरकारें केवल घोटालों के अथाह सागर में गोते खा रही थीं और जिनके समय में हर सरकारी विभाग में योजनाओं के लिए आवंटित धन की केवल उगाही और वसूली की जाती थी वही लोग बजट को लेकर निराशावादी हो सकते हैं क्योंकि उन्हें अब लूटने का अवसर नहीं मिल रहा है।

## भाजपा बड़ी छलांग लगाकर लोकसभा चुनावों में सभी सीटों पर जीत हासिल करेगी –अशोक चौरसिया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी जौनपुर की जिला कार्यशाला बूथ सशक्तिकरण अभियान की बैठक सीहीपुर स्थित भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय महामंत्री अशोक चौरसिया एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में लोकसभा प्रभारी वृजेन्द्र राय उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एव जिलाध्यक्ष ने सयुक्त रूप से डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं0 दीन दयाल उपाध्याय जी के चित्रों पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम आरंभ किया गया। मुख्य अतिथि अशोक चौरसिया ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि हमें अपने सभी विधानसभा के बूथों को शक्तिशाली बनाना है, जिसके लिए हमें केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का परिचय जनता को कराना होगा क्योंकि जनता राज्य सरकार और केंद्र सरकार के द्वारा चलाई गई योजनाओं का लाभ तो उठा रही है परंतु उनको अभी भी जानकारी नही है कि यह लाभ हमे कौन दे रहा है। उन्होंने बूथ सशक्तिकरण अभियान के सभी बिंदु कार्यकर्ताओं के समक्ष रखें और बताया कि जल्द ही इसी प्रकार के कार्यक्रम मंडल और बूथ स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा 2024 के लोकसभा चुनावों की तैयारी में जुट गई है। इसी के अंतर्गत बूथ सशक्तिकरण अभियान पूरे प्रदेश भर में चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र, जिला, मंडल और बूथ को सशक्त बनाने के लिए पूर्ण रणनीति तैयार कर ली गई है। आने वाले समय में भाजपा बड़ी छलांग लगाकर लोकसभा चुनावों में सभी सीटों पर जीत हासिल करेगी। पूरा विश्वास है कि भाजपा साल 2024 के आम चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने आगे कहा कि हमारा देश पहले सोने की चिड़िया थी लेकिन मुगल आक्रांताओ ने देश को लूटा और देश को गर्त में डाल दिया लेकिन जब से देश की बागडोर मोदी जी के हाथों में आया है तब से देश बराबर तरक्की कर रही है। पहले हमारा देश मनमोहन सिंह के सरकार के समय आर्थिक क्षेत्र में देश 11वे स्थान पर था परंतु अब देश पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। अभी हमारा जो लक्ष्य है अभी हम वहां तक नही पहुच पाये है, हमे अभी भारत देश को परम बैभव को प्राप्त कराना है ।जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह




ने आये हुये कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुये कहा कि अभी जो हमारे मुख्य वक्ता ने बताया है उसको आप लोग शत प्रतिशत पूरा करने का प्रयास करेंगे ऐसा मुझे विश्वास है। आप लोग अभी से चुनाव की तैयारी में लग जाये और मोर्चा के पदाधिकारियों से आह्वान किया कि अपने अपने समाज में मिल बैठकर अपने पार्टी की रीति और नीति से अवगत कराएं और अपने पार्टी से जोड़ने का प्रयास करे ताकि आने वाले चुनाव में जौनपुर लोकसभा में पार्टी की जबरदस्त जीत हो। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुनील तिवारी ने किया। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री सुशील मिश्रा, पीयूष गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सुधाकर उपाध्याय, संतोष सिंह, सुरेन्द्र सिंघानिया, संदीप सरोज, ओमप्रकाश निषाद, जिला मंत्री रविन्द्र सिंह राजू दादा, विजय लक्ष्मी साहू, प्रमोद यादव, विपिन द्विवेदी, ओमप्रकाश सिंह, शशि मौर्या, सजल सिंह, धनन्जय सिंह ,भूपेंद्र सिंह, राकेश सिंह, पीयूष वर्धन सिंह, खुशबू सिंह, हरगोविंद तिवारी, संतोष मिश्रा, अंजना श्रीवास्तव, आमोद सिंह, सिद्धार्थ राय, जिला अनिल गुप्ता, रागिनी सिंह ,नरेन्द्र उपाध्याय, अजय सरोज, मेराज हैदर, सुरेश धुरिया, इन्द्रसेन सिंह, प्रमोद प्रजापति ,ऋषिकेश श्रीवास्तव, अवनीश यादव, हर्ष मोदनवाल, विजय गौतम, लक्ष्मी कांत मिश्रा, जितेंद्र सिंह, संजय सिंह, अवनीश तिवारी, मनीष त्रिपाठी, मण्डल अध्यक्ष गण विनोद शर्मा, बलवीर गौड़, हृदयनारायन शुक्ला, बंशबहादुर पाल, अमित श्रीवास्तव, विकास शर्मा, राजकेशर पाल, धर्मेंद्र मिश्रा, नरेंद्र विश्वकर्मा, भूपेश सिंह, अजय मिश्रा, शैलेश सिंह, चिंताहरण शर्मा, सिद्धार्थ सिंह आदि उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला जेल का किया गया औचक निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल के द्वारा जिला जेल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न बैरको की गहनता से तालाशी ली गई, जिसमें कुछ भी आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। साफ–सफाई अच्छी पायी गयी। पाकशाला के निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि बंदियों को भोजन अच्छी गुणवत्ता का दिया जाए, भोजन संतुलित हो और स्वच्छ हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। जेल अस्पताल के निरीक्षण के दौरान भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली और निर्देशित किया कि मरीजों से अच्छे से इलाज किया जाए,जेल में साफ–सफाई कराने के निर्देश दिए



गए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक एस के पांडेय, जेलर कुलदीप भदौरिया सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कटारी टोला चौक में हनुमान जी की मूर्ति स्थापना हेतु हुआ पूजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कटारी टोला, चौक स्थित श्री पगड़ी वाले साईं बाबा मंदिर परिसर में हनुमानजी की मूर्ति स्थापना हेतु रूप कुमार शर्मा, रेखा शर्मा, जया–उदय सेठ, अनुज–स्वाती रस्तोगी ने विधि विधान से आज भी पूजा अर्चना की। मानवाधिकार जनसेवा परिषद के अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा ने अपने पिता स्व० अनन्त राम शर्मा ''अनन्तू गुरू'' तथा माता स्व० शान्ति देवी की स्मृति में मंदिर निर्माण में आर्थिक सहयोग प्रदान किया है। मंदिर निर्माण में जया–उदय सेठ (मुम्बई), अनुज–स्वाती रस्तोगी ने भी आर्थिक सहयोग किया है। मूर्ति स्थापना पूजा में श्री पगड़ी वाले साईं बाबा मंदिर के सुनील कपूर, राकेश टण्डन, पूजा टण्डन, मुकेश टण्डन, मानसी टण्डन, काव्या टण्डन सहित कई नागरिक शामिल रहे। कल प्रातः मूर्ति स्थापना के पश्चात भण्डारे का आयोजित किया गया है। मंदिर में मूर्ति स्थापना हेतु विधि विधान से पूजन





लक्ष्मी नारायन मिश्र एवं उनके सहयोगियों द्वारा किया गया। चित्रांग म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजन कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जायेंगे।

पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## उत्तर प्रदेश के पत्रकारों पर उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नही किया जाएगा

मृत्युंजय प्रताप सिंह की रिपोर्ट लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के एक होटल में प्रांतीय बैठक का आयोजन किया गया जिसमे पत्रकारों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। ग्रामीण पत्रकारों का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन इसके लिए प्रतिबद्ध



और कृत संकल्पित है ।यह बातें ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक अध्यक्ष सौरभ कुमार ने अध्यक्षीय संबोधन में कही। वह रविवार को संगठन के प्रांतीय कार्य समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों, जिलाध्यक्षों, मंडलाध्यक्षों एवं आमंत्रित सदस्यों की एक बैठक को लखनऊ में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश सरकार से प्रेस मान्यता समिति गठित कर उसमें संगठन को प्रतिनिधित्व देने की मांग भी की। 18 मार्च को कुशीनगर के जिला मुख्यालय पडरौना में आयोजित होने वाले संगठन के प्रांतीय सम्मेलन की सफलता हेतु संगठन के सदस्यों में जोश भरते हुए कहा कि संगठन में ही शक्ति है और जब हम सब एकजुट रहेंगे तो किसी भी बाधा को आसानी से पार कर सकते हैं। बैठक में संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सदस्यों ने अनेक सुझाव दिए जिस पर गम्भीरता से विचार किया गया। बैठक को संगठन के उपाध्यक्ष श्रवण कुमार द्विवेदी, महामंत्री देवी प्रसाद गुप्त, डॉक्टर केजी गुप्त, ओम प्रकाश द्विवेदी, अतुल कपूर, कैप्टन वीरेंद्र सिंह, पवहारी शरण राय,शशिकांत मिश्र आदि ने संबोधित किया ।संस्थापक सदस्य डा विनय कुमार सिंह, संजय द्विवेदी, राजीव शर्मा, लल्लन गुप्ता, श्याम सुंदर परासर, अखिलेश सक्सेना, विपिन शाही, जेपी गोविंद राव, अतुल कपूर, संजय सिंह, सुदीप मिश्र, धीरेन्द्र श्रीवास्तव,

## जेसीआई जौनपुर द्वारा किया गया विद्युत कर्मियों का सम्मान

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : युवाओं की अग्रणी संस्था जेसीआई ने पर्दे के पीछे रहकर समाज को अपनी सेवाएं देने वाले हीरोज को सम्मानित करने की मुहिम चलाई है। समाज में सेवाएं देने वाले भिन्न–भिन्न विभगों के साइलेंट स्टार्स को प्रत्येक माह सम्मानित किया जाता है। संस्था अध्यक्ष दिलीप सिंह ने कहा कि ये वह लोग होते हैं जो गर्मी, ठंडी, बरसात की




परवाह किये बिना हमेशा हमें सेवाएं प्रदान करते रहते हैं। ऐसे लोगों को जब हम सम्मानित करते हैं तब उनके चेहरों पर जो खुशी झलकती है वह हमारे लिए सबसे खूबसूरत छण होता है। इसी कड़ी में पावर हाउस सिपाह में कार्यरत विद्युत कर्मियों व लाईनमैन को सम्मानित किया गया। जिनमें धर्मेंद्र मौर्य (अवर अभियंता), प्रवीण कुमार सिंह, हिमांशु कनौजिया ''कुंदन'', रतन कुमार मौर्या, सरोज मौर्य, मोहम्मद अलीम, विष्णु मोदनवाल, भीम मौर्य व धर्मेंद्र मौर्य आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जोन अधिकारी जेसी गौरव सेठ, उपाध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, मनीष विशाल तिवारी आदि मौजूद रहे सचिव आकाश केसरवानी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

अच्छी बात की चर्चा हर जगह करो, बुरी बात को समा लो।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## पुतिन की दरकती छवि के बावजूद समर्थन में खड़ी एक विचारधारा

यूक्रेन को अभी तक हरा न पाने से सिर्फ पुतिन की नहीं, दुनिया भर में फैले उनके समर्थकों–अनुयायियों की सोच भी गलत साबित हुई है। यह भी साफ हुआ है कि आज युद्ध सिर्फ सैन्य शक्ति से नहीं जीते जा सकते। फिर भी अमेरिका सहित दुनिया में फैले पुतिन समर्थकों की बड़ी लॉबी उनके पक्ष में खड़ी है।

एक लोकतांत्रिक देश, जिसमें दूसरे तमाम देशों की तरह बुराइयां हैं, लेकिन वह मुक्त विश्व का हिस्सा होना चाहता है। उस पर एक ऐसे पड़ोसी ने हमला किया है, जो आकार में उससे बहुत बड़ा है। वहां एक निर्मम तानाशाही है, जो सामूहिक अत्याचार करती है। इसके बावजूद छोटे–से उस लोकतांत्रिक देश ने एक साल तक बहादुरी से उसका मुकाबला किया, और अब भी कर रहा है। जबकि दुनिया के बड़े हिस्से को लगता था कि हमले के कुछ ही दिनों बाद उस लोकतंत्र की पराजय होगी।

कोई भी अमेरिकी, एक ऐसे देश का नागरिक, जो खुद को आजादी के प्रकाश स्तंभ के रूप में देखता है, जो जागरूक और समानता के जीवन मूल्यों का आग्रही है, वह इस युद्ध में यूक्रेन की विजय भला क्यों न चाहेगा? लेकिन अमेरिकी राजनीति में भी दो महत्वपूर्ण धड़े हैं, जो न सिर्फ यूक्रेन को मिल रहे पश्चिमी समर्थन का विरोध कर रहे हैं, बल्कि वे चाहते हैं कि रूस यह लड़ाई जीते। इनमें से एक छोटा–सा धड़ा अमेरिकी वामपंथियों का है, तो एक प्रभावी समूह दक्षिणपंथियों का है।

पुतिन इकलौते निरंकुश नहीं हैं, जिन्हें अमेरिकी दक्षिणपंथियों का समर्थन प्राप्त है। हंगरी के विक्टर ओर्बन भी रूढ़िवादियों के बड़े नेता के रूप में उभरे हैं, जो कंजर्वेटिव पॉलिटिकल ऐक्शन कमेटी की बैठकों के प्रभावी वक्ता हैं। लेकिन रूढ़िवादी ओर्बेन अपने लक्ष्य के बारे में स्पष्ट हैं, और उनकी बहुत आलोचना भी नहीं की जा सकती। अगर आप अपने देश को श्वेत राष्ट्रवाद और सामाजिक असमानता का केंद्र बनाना चाहते हों और लोकतंत्र सिर्फ कागज पर हो, जैसा हंगरी में है, तो ऐसी सरकार को हटाने का ओर्बेन का अभियान सही है। उनकी मॉडर्न रिपब्लिकन पार्टी के पास हंगरी के भविष्य का एक रोडमैप भी है।

लेकिन ओर्बेन उतने बड़े दक्षिणपंथी नेता नहीं हैं। न ही दुनिया भर में उनके इतने समर्थक–अनुयायी हैं, जितने रूस के तानाशाह राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के हैं। पुतिन को पूजने वाले सिर्फ रूस में नहीं हैं, अमेरिका में भी दक्षिणपंथी वर्षों से उनके साथ खड़े हैं। मसलन, 2014 में नेशनल रिव्यू के एक स्तंभकार ने बगैर शर्ट के घुड़सवारी करते पुतिन की तस्वीर की गोल्फ खेलते बराक ओबामा की देहभाषा से तुलना की थी। यूक्रेन पर रूसी हमले से पहले रूसी सेना की कथित प्रभावी क्षमता की काफी तारीफ होती थी। वर्ष 2021 में अमेरिकी राजनेता टेड क्रूज ने रूस में सैनिकों की नियुक्ति से संबंधित एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते हुए टिप्पणी की थी, 'सैन्य शक्ति कम रखना निश्चित तौर पर अच्छी सोच नहीं है।'

पुतिन के व्यक्तित्व को पूजने के क्या कारण हो सकते हैं? दरअसल दक्षिणपंथी सोच में अनेक लोग शक्तिशाली, प्रभावशाली और बेपरवाह व्यक्तित्व को पसंद करते हैं, जो अपनी सनक के सामने किसी को कुछ नहीं समझता, जो बौद्धिक खुलेपन और विविधता को सम्मान देने की परवाह नहीं करता। ऐसे लोगों ने पुतिन को अपने आदर्श के रूप में देखा। और पुतिन जिस देश के शासक हैं, उस रूस की कथित सैन्य क्षमता और आक्रामकता ने भी उन्हें आकर्षित किया। ऐसे लोगों का वर्षों से यह मानना रहा है कि पुतिन ने अपनी ताकत और सनक से रूस को एक बेहद ताकतवर देश बना दिया है। हालांकि प्रारंभ से ही यह स्पष्ट था कि विश्व को इस तरह से देखने का नजरिया भ्रामक और गलत है। आधुनिक विश्व में किसी राष्ट्र की शक्ति उसकी सैन्य क्षमता में नहीं, बल्कि उसकी आर्थिक मजबूती और तकनीकी क्षमताओं में निहित है। फिर यूक्रेन पर पुतिन के हमले ने यह और स्पष्ट कर दिया कि रूस की कथित बेहद ताकतवर सेना भी युद्ध लड़ने में कुशल नहीं है।

युद्ध में रूसी सैनिक इतने दयनीय रूप से विफल क्यों हुए? क्योंकि आधुनिक युद्ध सैनिकों द्वारा भुजाएं फड़काने से नहीं जीते जा सकते। आधुनिक युद्ध में जीत सैन्य संभार तंत्र, तकनीक और खुफिया क्षमताओं के जरिये ही संभव है। अभी तक के युद्ध में रूसी सैनिकों की प्रभावहीनता की तुलना में यूक्रेन ने शानदार क्षमता का परिचय दिया। यूक्रेन ने अगर रूस के सामने घुटने नहीं टेके हैं, तो निश्चय ही उसका एक बड़ा कारण उसे मिले पश्चिमी शस्त्रास्त्र हैं। पर यही अकेला कारण नहीं है। यूक्रेन ने अपनी सैन्य जरूरतों की पूर्ति में जिस अद्भुत मौलिकता का परिचय दिया है, वह भी उसकी मौजूदा संतोषजनक स्थिति का कारण है। फिर रूसी आक्रामकता के खिलाफ यूक्रेन के नागरिकों में मरने–मिटने का जो भाव है, रूसियों में वह नहीं है।

यूक्रेन के प्रति दुनिया भर में दक्षिणपंथियों का गुस्सा बढ़ रहा है। इसका कारण सिर्फ यह नहीं है कि जिस नेता को वे पूजते थे, वह कमजोर साबित हुआ है, बल्कि उनका गुस्सा इसलिए भी बढ़ रहा है, क्योंकि निरंकुश सत्ता और बेपरवाह ताकत के बारे में उनकी सोच भी गलत साबित हो रही है। यह गुस्से और हताशा का ही नतीजा है कि अमेरिका में दक्षिणपंथी लॉबी इस सुनियोजित प्रचार में लगी है कि यूक्रेन हार रहा है। दक्षिणपंथी सोच वाले और ट्रंप समर्थक अमेरिकी टेलीविजन शख्सियत टकर कार्लसन ने तो पिछले अगस्त में ही रूसी विजय की घोषणा कर दी थी, जबकि उसके कुछ ही दिनों बाद यूक्रेन ने युद्ध के एकाधिक मोर्चे पर रूस को करारा जवाब दिया था। अब भी प्रचारित किया जा रहा है कि जाड़े में यूक्रेन पर रूस भीषण सैन्य कार्रवाई की योजना बना रहा है। रूस की वह भीषण युद्धक कार्रवाई वस्तुतः अब भी जारी है, लेकिन जैसा कि एक यूक्रेनी अधिकारी ने बताया, कि रूस की भीषण युद्धक कार्रवाई से इतना कम हासिल हुआ है कि यूक्रेन के खिलाफ वह आक्रामकता अब दिखाई भी नहीं देती।

हालांकि इसका यह अर्थ कतई नहीं है कि यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस जीत नहीं सकता। लेकिन निकट भविष्य में रूस अगर यूक्रेन पर विजय हासिल करता है, तो वह टुकड़ों–टुकड़ों में ही हासिल हो सकती है, एकबारगी नहीं। यूक्रेन पर जीत इसलिए भी संभव है, क्योंकि अमेरिका में पुतिन समर्थक लॉबी बाइडन प्रशासन पर दबाव डालकर यूक्रेन को दी जाने वाली मदद में कटौती करवाने में सफल हो गई है। रूस की विजय अगर संभव होगी, तो उन अमेरिकी दक्षिणपंथियों की वजह से संभव होगी, जो उदार विश्व के पक्षधर नहीं हैं, जो जागरूक समाज को कमजोर समझते हैं और तानाशाह की ताकत के पक्ष में हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## राधा कृष्ण के साथ मनाया गया रंग पंचमी का त्योहार

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महासभा द्वारा "रंग पंचमी का त्यौहार राधा कृष्ण के साथ" मनाया गया। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों ने बांके बिहारी लाल से होली खेलकर एवं एक दूसरे को रंग लगाकर होली का रंग फिजाओं में भी घोल दिया। अध्यक्ष पल्लवी ओमर के सफल निर्देशन में सभी पदाधिकारियों ने विभिन्न खेलों का आनंद लिया। महामंत्री दीपा गुप्ता एवं संगठन मंत्री प्रीति गुप्ता ने फूलों की होली खेलकर सभी को वृंदावन धाम की ब्रज होली का साक्षात आनंद अनुभव कराया। शशि गुप्ता ने महिलाओं के योगदान से समाज में क्रांति लाने के बारे में बताया इसके अंतर्गत महिला कमेटी की कला एवं सांस्कृतिक मंत्री शालिनी गुप्ता को समाज में दोहरी भूमिका निभाने हेतु "वूमंस डे "के उपलक्ष्य में वैश्य रत्न से सम्मानित किया गया। महिला कमेटी की संरक्षिका अनीता गुप्ता, मीनू गुप्ता तथा विभा गुप्ता ने सम्मिलित रूप से ब्रज की होली पर प्रकाश डालते हुए बताया की रंग पंचमी से ही वृंदावन में होली समारोह का आयोजन शुरू हो जाता है जिसमें ना सिर्फ तन बल्कि मन भी भगवान श्री कृष्ण के रंग मे रंग जाता है। इस अवसर पर कमेटी की उपाध्यक्ष रेनू गुप्ता एवं मंजू गुप्ता ने प्रभुश्री कृष्ण के भजन प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में शशि गुप्ता, दीपा गुप्ता, अनीता




गुप्ता, सरिता गुप्ता, मीनू गुप्ता ,शालू गुप्ता ,मौसमी गुप्ता ,प्रीति गुप्ता, मंजू गुप्ता प्रदेश महिला अध्यक्ष रंजना गुप्ता आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत में कमेटी की अध्यक्ष पल्लवी ओमर ने कहा कि हमारा देश उत्सवों का देश है यहा हर उत्सव के साथ हमारे अंदर नई उमंग का संचार होता है जिससे हम अपने अन्य कार्यों को भी पूर्ण लगन के साथ अच्छे से अंजाम दे पाते हैं। उन्होंनेकार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सुंदर आयोजन के लिए प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र कुमार राणा ने सभी पदाधिकारियों एवं अध्यक्ष पल्लवी ओमर को हार्दिक बधाइयां प्रेषित की एवं सभी को होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी।

## थाना शाहगंज पुलिस टीम द्वारा दो शातिर चोर गिरफ्तार : कब्जे से 04 चोरी के मोबाइल व नशीला पाउडर बरामद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अजय पाल शर्मा पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के कुशल पर्यवेक्षण में दिनांक 26/02/2023 की शाम को प्रभारी निरीक्षक शाहगंज श्री सदानन्द राय व हमराही कर्मचारीगण द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन के दौरान आर0पी0एफ0 बैरक के पास फैजाबाद मुख्य मार्ग से दो शातिर चोरों 1.राजकुमार लोना पुत्र जितेन्द्र निवासी गडेरी पट्टी थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़ 2.अनोज उर्फ बियर पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी शाहपुर कन्नूपुर (छितौनी) थाना जलालपुर जनपद अम्बेडकर को 04 चोरी की मोबाईल व नशीले पाउडर के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामगदी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 46/2023 धारा 41/411 भादवि, मु0अ0सं0 47/2023 धारा 8/22 एन0डी0पी0एस एक्ट तथा मु0अ0सं0 48/2023 धारा 8/22 एन0डी0पी0एस पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों को माननीय न्यायालय भेजा गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी से इस प्रकार के अपराध पर अंकुश लगेगा। गिरफ्तार अभियुक्त– 1. राजकुमार लोना पुत्र जितेन्द्र निवासी गडेरी पट्टी थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़ 2.अनोज उर्फ बियर पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी शाहपुर कन्नूपुर (छितौनी) थाना जलालपुर जनपद अम्बेडकर बरामगदी का विवरण 1.82 ग्राम नशीला पाउडर 2.04 अदद चोरी की मोबाईल 1– वीवो टच स्क्रीन बरंग निला IEMI अज्ञात 2–इनफिनिक्स टच स्क्रीन बरंग नीला काला IEMI अज्ञात 3. सैमसंग गोल्डन कलर कि–पैड वाला IEMI नंबर 35587909703622,4. सैमसंग का की–पैड वाला IEMI NO– 351782934455807, 359538354455806 अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास अभियुक्त – राजकुमार लोना पुत्र जितेन्द्र



उपरोक्त 1. मु0अ0सं0 107/2019 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट थाना अहिरौला जनपद आजमगढ 2.मु0अ0सं0 229/2020 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट थाना शाहगंज जनपद जौनपुर 3. मु0अ0सं0 26/2021 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना मोतीगरपुर जनपद सुल्तानपुर 4.मु0अ0सं0 007/2023 धारा 4/25 शस्त्र अधिनियम थाना आलापुर जनपद अम्बेडकरनगर 5. मु0अ0सं0 46/2023 धारा 41/411 भादवि थाना शाहगंज जनपद जौनपुर 6. मु0अ0सं0 47/2023 धारा 8/22 एन0डी0पी0एस0 एक्ट थाना शाहगंज जनपद जौनपुर अभियुक्त– अनोज उर्फ बियर पुत्र राजेन्द्र प्रसाद उपरोक्त 1.मु0अ0सं0 246/2018 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना जलालपुर जनपद अम्बेडकरनगर 2. मु0अ0सं0 180/2019 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम थाना अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर 3. मु0अ0सं0 183/2019 धारा 279/337/338/427 भादवि थाना बसखारी जनपद अम्बेडकनगर 4. मु0अ0सं0 46/2023 धारा 41/411 भादवि थाना शाहगंज जनपद जौनपुर 5. मु0अ0सं0 48/2023 धारा 8/22 एन0डी0पी0एस0 एक्ट थाना शाहगंज जनपद जौनपुर गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम। 1.प्रभारी निरीक्षक सदानन्द राय थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 2. हे0का0 राजकुमार यादव थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 3.हे0का0 सलीम खान थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 4.का0 विकेश चौहान थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 5.का0 बृजेश मिश्रा थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 6. का0 कुन्दन कुमार थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 7.का0 अनिल कुमार निषाद थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 8.हे0का0 मनोज कुमार चौबे (चालक) थाना शाहगंज जनपद जौनपुर।

## थाना सरायख्वाजा पुलिस द्वारा 50 हजार रूपया का ईनामी अपराधी किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर पुलिस द्वारा 50 हजार रूपया के ईनामिया अपराधी प्रशान्त सिह उर्फ प्रिन्स पुत्र प्रेमनरायण सिह नि0 नेवादा ईश्वरी सिंह थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर के संरक्षण कर्ता पिता प्रेमनरायण सिंह पुत्र स्व0 सीताराम सिह नि0 नेवादा ईश्वरी सिंह थाना सरायख्वाजा जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। अजय पाल शर्मा पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध की रोक थाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर जौनपुर के पर्वेक्षण में थाना सरायख्वाजा पुलिस टीम उ0नि0 श्री ओम प्रकाश सिंह मय हमराह हे0का0 सुजीत मौर्या का0 आनन्द सागर के द्वारा मुखबीर खास की सूचना पर 50,000 रू के ईनामिया अपराधी प्रशान्त उर्फ प्रिन्स पुत्र प्रेम नारायन सिंह नि0 नेवादाईश्वरी थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर के संरक्षण कर्ता / ईनामिया के पिता प्रेमनरायण सिंह पुत्र स्व0 सीताराम सिंह नि0 ग्राम नेवादाईश्वरी सिंह थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर को एक देशी तमंचा 315 बोर व 2 कारतूस 315 बोर के साथ दिनांक 27.02.2023 की रात्रि में ग्राम नेवादा ईश्वरी सिंह से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 45/23 धारा 3/25 आर्मस




एक्ट पंजीकृत किया गया। विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष्य भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त 1– प्रेमनरायण सिंह पुत्र स्व0 सीताराम सिंह नि0 ग्राम नेवादाईश्वरी सिंह थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर उम्र करीब – 58 वर्ष अपराधिक इतिहास 1.मु0अ0स0– 45/23 धारा 3/25 आर्मस एक्ट थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर 2. मु0अ0सं0 25/23 धारा 212/216/420 भादवि थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर बरामदगी का विवरण– 1.एक देशी तमन्चा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर गिरफ्तारी करने वाली टीम के सदस्य– 1.उ0नि0 श्री ओम प्रकाश सिंह थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर 2.हे0का0 सुजीत मौर्या थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 3.का0 आनन्द सागर थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर।

## त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन –फरवरी 2023 में नियुक्त मतदान कार्मिकों एवं मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण हुआ संपन्न

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन –फरवरी 2023 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु नियुक्त सभी मतदान व मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण जिला अधिकारी रवीश गुप्ता के निर्देश के क्रम में दिनांक 27.02.2023 को प्रेरणा सभागार विकास भवन में आयोजित किया गया। रिटर्निंग आफिसर दीपचंद्र चौरसिया उपसम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी ने बताया कि यह मतदान बैलट पेपर से होगा, इसमें पीठासीन अधिकारी मतपत्र के पीछे सुभिन्नक चिह्न लगाकर अपने हस्ताक्षर करेंगे। आपने मतगणना कार्मिकों से कहा कि चुनाव चिह्न वार मतों की गणना करते समय पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता का ध्यान रखेंगे। आपने बताया कि एक गणना मेज पर 01 गणना पर्यवेक्षक, 02 गणना सहायक व 01 अतिरिक्त गणना सहायक होंगे। सेक्टर मजिस्ट्रेट मुदित श्रीवास्तव जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि मतदान 02 मार्च को प्रातः 07 बजे से सायं 05 बजे तक होगा। मतगणना 04 मार्च को प्रातः 08 बजे से ब्लाक मुख्यालय बल्दीराय पर होगा। मास्टर ट्रेनर सत्यदेव पाण्डेय ने बताया कि प्रथम मतदान अधिकारी मतदाता की पहचान करते हुए अमिट स्याही उनके बायें हाथ की तर्जनी अंगुली पर लगायेंगे। द्वितीय मतदान अधिकार मतपत्र के प्रतिपर्ण पर मतदाता का हस्ताक्षर / अंगूठे का निशान लेकर उन्हें मतपत्र को देंगे। तृतीय मतदान अधिकारी मतपेटी के प्रभारी होंगे स आपने बताया कि प्रत्येक मतदान टोली में पीठासीन अधिकारी सहित कुल चार मतदान कार्मिक होंगे। मतगणना की प्रक्रिया पर चर्चा करते हुए आपने बताया कि सबसे पहले पचास – पचास की गड्डी बनाकर कुल पड़े मतों का मिलान मतपत्र लेखा से करें। इसके पश्चात प्रत्याशीवार पड़े मतों की



गणना करते हुए गणना पर्ची 43 को तैयार करेंगे। मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पार्टी रवानगी स्थल पर ही प्राप्त मतपत्र, मतदाता सूची,लिफाफे, प्रपत्र, ग्रीन पेपर सील आदि का मिलान दी गयी सामाग्री की सूची से कर लें। मतपेटी को खोलकर व बंदकर एक बार अवश्य देख लें। आपने टेण्डर व चौलेंज वोट पर विस्तार से चर्चा की। आपने मतगणना प्रपत्र 45 व 46 पर विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षण की व्यवस्था देख रहे डॉ. जनार्दन राय ने बताया कि प्रथम पाली में 28 मतदान कार्मिक , 01 सेक्टर मजिस्ट्रेट व 01 आर. ओ. तथा द्वितीय पाली में 12 मतगणना कार्मिक ,01 सेक्टर मजिस्ट्रेट व 01आर. ओ. को प्रशिक्षित किया गया। आपने बताया कि जिलाधिकारी महोदय के आदेश के क्रम में ब्लाक प्रतापपुर कमैचा के रिक्त प्रधान पद का उपनिर्वाचन स्थगित कर दिया गया है। पी. पी. टी. बनाने व संचालन करने में वकील अहमद व विपिन यादव ने बेहतर ढंग से सहयोग किया। मृत्युंजय सिंह ने उपस्थिति लेने तथा राम बहादुर, राम शंकर व रामतीर्थ ने बैठक व्यवस्था व प्रोजेक्टर आदि में सहयोग किया।

## थाना नेवढ़िया पुलिस ने 06 वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : डॉ0 अजय पाल शर्मा पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना नेवढ़िया पुलिस टीम द्वारा द्वारा 06 वारंटी अभियुक्तों 1. ओमप्रकाश जायसवाल पुत्र स्व0 पन्नालाल जायसवाल उम्र करीब 55 वर्ष 2. अजय कुमार पुत्र पन्नालाल उम्र करीब 42 वर्ष 3. श्याम मोहन पुत्र मिठाईलाल जायसवाल निवासी नोनारी थाना नेवढिया जनपद उम्र करीब 58 वर्ष निवासीगण नोनारी थाना नेवढिया जनपद जौनपुर 4. ओमप्रकाश पुत्र रामरथी यादव निवासी कुतूपुर थाना नेवढिया जनपद जौनपुर उम्र करीब 45 वर्ष 5. राजाराम पुत्र रामअधार उम्र करीब 58 वर्ष 6. प्रमोद पुत्र राजाराम उम्र करीब 36 वर्ष निवासीगण खैरूद्दीनपुर थाना नेवढिया जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही उपरान्त सम्बन्धित न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त – 1. ओमप्रकाश जायसवाल पुत्र स्व0 पन्नालाल जायसवाल निवासी नोनारी उम्र करीब 55 वर्ष 2. अजय कुमार पुत्र पन्नालाल निवासी नोनारी थाना नेवढिया जनपद जौनपुर उम्र करीब 42 वर्ष 3. श्याम मोहन पुत्र मिठाईलाल जायसवाल निवासी नोनारी थाना नेवढिया




जनपद उम्र करीब 58 वर्ष 4. ओमप्रकाश पुत्र रामरथी यादव निवासी कुतूपुर थाना नेवढिया जनपद जौनपुर उम्र करीब 45 वर्ष 5. राजाराम पुत्र रामअधार निवासीगण खैरूद्दीनपुर थाना नेवढिया जनपद जौनपुर उम्र करीब 58 वर्ष 6. प्रमोद पुत्र राजाराम निवासीगण खैरूद्दीनपुर थाना नेवढिया जनपद जौनपुर उम्र करीब 36 वर्ष गिरफ्तारी करने वाली टीम 1. प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार मिश्र थाना नेवढिया जौनपुर। 2. उ0नि0 संदीप कुमार शर्मा थाना नेवढिया जौनपुर।3. उ0नि0 सुदर्शन यादव थाना नेवढिया जौनपुर। 4.उ0नि0 सुनील वर्मा थाना नेवढिया जौनपुर।

## बीसीपीएम के दुर्व्यवहार पर आशाकर्मियों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोंडा में आशा कर्मचारी यूनियन सीटू की जिला इकाई की ओर से सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर सात सूत्रीय मांग पत्र एडिशनल सीएमओ को सौंपा गया। मांग पत्र में आशा व आशा संगिनी के बकाया भुगतान को तत्काल दिए जाने, मातृ वंदना जननी सुरक्षा का भुगतान लाभार्थियों को किए जाने, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रसूता भोजन में घोटाले की जांच कराए जाने, महिला अस्पताल में निःशुल्क अल्ट्रासाउंड एक्सरे खून जांच की व्यवस्था कराए जाने की माँग की गई है। आशा कर्मियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए बभनजोत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात बीसीपीएम एवं आशा के आपसी विवाद में आशा द्वारा लगाए गए अभद्रता के आरोपों की जांच में सही पाए जाने पर बीसीपीएम के तत्काल स्थानांतरण की मांग उठाई गई। इस अवसर पर यूनियन की मंडल अध्यक्ष मंजू तिवारी, संरक्षक दिलीप शुक्ला,



अलका श्रीवास्तव, खैरुन्निसा, हेमलता दुबे, सरिता मिश्रा, रेनू, लल्ली देवी, ज्योति वर्मा, सालनी व संगीता देवी सहित प्रदर्शन में शामिल आशा कर्मचारियों ने मांगे न माने जाने पर 16 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला पखवारा के अवसर पर जिलाधिकारी को विरोध प्रदर्शन करते हुए मांग पत्र देने का निर्णय लिया।

## नानाजी देशमुख की मनाई गई पुण्यतिथि

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय खरगूपुर गोंडा : दीनदयाल शोध संस्थान परिसर में भारत रत्न नानाजी देशमुख की पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनाई गई। इस मौके पर लोगों ने उनके मूर्ति पर पुष्प अर्पित की। सोमवार को जयप्रभा ग्राम स्थित दीनदयाल शोध संस्थान में भारत रत्न नानाजी देशमुख की पुण्यतिथि कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान सचिव राम कृष्ण तिवारी ने पुष्प अर्पित कर की। उन्होंने भारत रत्न नानाजी की कृतियों पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से उनके बारे में चर्चा की और उनके सपनों को साकार करने का उपस्थित लोगों का आवाहन किया। नानाजी देशमुख को इस मौके पर याद करते हुए उनके द्वारा गरीब असहाय एवं निराश लोगों के प्रति जुड़ाव तथा किए गए जनहित के



कार्य को भी बताया गया। कार्यक्रम में वेद प्रकाश पांडे ,पुष्पेंद्र सिंह गुर्जर, रमापति शुक्ल, विंध्यवासिनी वर्मा, विनय श्रीवास्तव, राकेश पांडे सहित संस्थान से जुड़े सैकड़ों लोग मौजूद रहे और नानाजी देशमुख की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया।

# आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस ने किया बलवा ड्रिल का अभ्यास

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आगामी त्योहारों को देखते हुए शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है जिससे कि किसी अप्रिय घटना होने पर या दंगाइयों द्वारा माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जाए तो उसे तत्काल पुलिस निपटने में सक्षम हो इन सब को देखते हुए बलवाइयों से निपटने के लिए जौनपुर पुलिस द्वारा बलवा ड्रिल का अभ्यास पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड पर किया गया।इस दौरान बलवाइयों पर पानी की बौछार तथा अश्रु गैस के गोले छोड़े गए। हालांकि इस दौरान पानी की बौछार कर रहे वाटर कैनाल भी फट गए वही कुछ पुलिसकर्मी ठीक से आंसू गैस के गोले भी नहीं छोड़ सके ।डॉ0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपदीय पुलिस की कार्यकुशलता को और निपुण व सशक्त बनाने के लिए बलवा ड्रिल कराने हेतु निर्देशित किया गया, जिसके क्रम में आज दिनांक 26.02.2023 को पुलिस लाइन जौनपुर के परेड ग्रांउड पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार सिंह दिशा निर्देशन व पर्यवेक्षण में बलवा ड्रिल कराया गया। बलवा ड्रिल में जनपद के समस्त थानों से उ0नि0 व मुख्य आरक्षी व आरक्षी सम्मिलित हुए,जिनके द्वारा बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया। बलवा ड्रिल करने वाले पुलिस बल द्वारा अपने–अपने थानों पर बलवा ड्रिल कराया जायेगा। जिससे पुलिस बल को आने वाले आगामी त्योहार व अन्य परिस्थितियों से निपटने में मदद मिलेगी।





बलवा ड्रिल में कुल 09 पार्टियों ने हिस्सा लिया जिसमें 1. एल0आई0यू0 2. सिविल पुलिस 3. फायर सर्विस 4. अश्रु गैंस 5. लाठी पार्टी 6. फायर पार्टी 7. रिजर्व पार्टी 8. फस्ट ऐड 09. वीडियों ग्राफी की पार्टियों ने हिस्सा लिया। बलवा ड्रिल के दौरान जनपद के समस्त सर्किल के क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# विधायक ने स्कूल प्रबंधक पर लगाया धर्म परिवर्तन कराने व अबैध जमीन पर स्कूल संचालित करने का आरोप

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बदलापुर विधायक रमेश मिश्रा द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मुरादपुर कोटिला में स्थित सेंट जेवियर स्कूल बदलापुर जौनपुर के प्रबंधक जोसेफ थामस द्वारा कई वर्षों से धर्म परिवर्तन कराने व अबैध जमीन पर कब्जा कर स्कूल संचालित करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है । मुख्यमंत्री को कार्रवाई के लिए भेजे गये पत्र में विधायक ने प्रबंधक जोसेफ थामस आरोप लगाते हुए लिखा कि प्रबंधक द्वारा की वर्षों से धर्म परिवर्तन का कार्य किया जा रहा है, जिसमें लगभग एक दर्जन से अधिक ग्रामों के लोगों को प्रलोभन दिया जा रहा है तथा सेंट जेवियर स्कूल भी सरकारी जमीन पर अबैध कब्जा करके बनाया गया है । जिसकी शिकायत पूर्व में कई बार की जा चुकी है तथा राजस्व विभाग द्वारा मुकदमा भी दर्ज किया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद कोई कठोर कार्रवाई नहीं की जा रही है । कार्रवाई न होने के कारण इसका मनोबल बढ़ने से आये





दिन मतांतरण के कार्यो में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है । मतांतरण के खिलाफ एफाईआर 16 लोगों पर दर्ज हुआ है , मुख्य आरोपी प्रबंधक जोसेफ थामस अभी तक गिरफ्तार नहीं हो सका ,इसे लेकर क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पूरे प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए कठोरतम कार्रवाई की मांग विधायक रमेश मिश्रा द्वारा की गई है ।

# सम्पूर्ण देश में तिलकधारी कालेज की प्रतिभाएँ अपने विशिष्ट योगदान के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का कार्य कर रही –डॉ के पी सिंह पूर्व कुलपति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : टी0डी0इ0 का0 के मार्कण्डेय सिंह सभागार में आयोजित संस्थापक दिवस समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति डॉ0 के0पी0 सिंह ने संस्थापक जी के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं मार्ल्यापण करके किया। उपस्थित जनसमुदाय ने भी संस्थापक तिलकधारी सिंह के प्रतिमा पर मार्ल्यापण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। संस्थापक समारोह को संबोधित करते हुये पूर्व कुलपति वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय डॉ0 के0पी0 सिंह ने कहा कि तिलकधारी कालेज कि स्थापना कर संस्थापक जी ने शैक्षणिक जगत में मील का पत्थर स्थापित किया। सम्पूर्ण राष्ट्र में तिलकधारी कालेज की प्रतिभाएँ अपने विशिष्ट योगदान के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का कार्य कर रही हैं। हमें टी0डी0इ0 कालेज का पूर्व छात्र रहने के कारण गौरव कि अनुभूति हो रही है। संस्था के प्रधानाचार्य उ0प्र0 प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि पूज्य संस्थापक जी की आत्मा हमें संस्था के विकास हेतु पथ प्रदर्शित करती रहती है। हम अपने छात्र–छात्राओं के उज्जवल भविष्य हेतु अनेक योजनाओं का निर्माण कर उन्हें कार्यवान्वित करते रहते है जिसका परिणाम उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम एवं उच्च पदों पर हमारे विद्यार्थियों के चयन के रूप में परिलक्षित होता है। प्रबन्धक सत्य प्रकाश सिंह ने आगत अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि हम अपनी शैक्षणिक संस्था को शीर्ष पर आरूढ़ रखने हेतु संकल्प बद्ध है। संस्थापक दिवस के अवसर पर संस्था के प्रतिभाओं को भी पुरस्कृत किया गया। मानविकी संवर्ग में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले संस्था के कक्षा 12 के छात्र निशान्त को विशिष्ट पुरस्कार प्रदान किया गया। संस्था में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा 12 विज्ञान वर्ग कि युक्तिका सिंह कक्षा 12 कृषि वर्ग के आदर्श पाण्डेय कक्षा 12 कामर्स की निकिता मौर्य, कक्षा 12 व्यवसायिक वर्ग की रागिनी शर्मा, कक्षा 12 कला विज्ञान, कृषि कामर्स व्यवसायिक शिक्षा में क्रमशः नीतू प्रजापति, नीरज चौधरी, वैभव सिंह, रूचि गौड़, भूमिका त्रीपाठी, कक्षा 10 के अमन यादव, कक्षा 9 के अंशिका मौर्य, कक्षा 8 के दिव्या राय, को पुरस्कृत किया गया। कुश्ती में प्रदेश स्तर तक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वृजेश यादव एवं कबड्डी खिलाड़ी प्रजापति को विशिष्ट पुरस्कार प्रदान किये गये। एन0 सी0 सी0 के बेस्ट कैडेट अनुराग मौर्या, अनन्या सिंह, को भी पुरस्कार प्रदान किये गये। संस्थापक दिवस के अवसर पर डॉ0 प्रीति उपाध्याय के निर्देशन में छात्र–छात्राओं नें उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। अंशिका मिश्रा एवं कृति द्वारा प्रस्तुत संरस्वती वंन्दना का श्रवण कर जन समुदाय श्रद्धानवत हो गयें कशिश, साक्षी, रिंकी, बहार, आयुषी, कुमकुम, एवं स्वीही द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत श्रवण कर अतिथि जन भावविभोर हो गये। रीना, दिव्या, रूकसार, एवं नन्दनी के द्वारा प्रस्तुत कुल गीत को लोगों ने सराहा। झासी की रानी पर आधारित गीत एवं नृत्य अंशिका आस्था, अंजली, अनन्या, पूजा, यशी, अनुष्का एवं चाँदनी ने, प्रस्तुत किया कशिश, कृति, आयुषी, वहार, कुमकुम, एवं साक्षी द्वारा प्रस्तुत गुजराती गीत एवं नृत्य आयो रे शुभ दिन का श्रवण कर उपस्थित जन समुदाय मंत्र मुग्ध हो गया। अंशिका मिश्रा द्वारा प्रस्तुत अच्यतुम केशव से सम्बन्धित नृत्य पर उपस्थित जन समुदाय वाह–वाह कर तालिया बजाने लगा रागी, साक्षी, अनु, मनु, कुमकुम, एवं खुशी द्वारा प्रस्तुत बंसन्त एवं होली नृत्य का अवलोकन कर उपस्थित जन समुदाय भावविभोर हो गया। विशेष रूप से संस्थापक दिवस समारोह के अवसर पर टी0डी0पी0जी0 कालेज के प्रबंन्धक राघवेन्द्र सिंह टी0डी0इ0 कालेज के अध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह उपाध्यक्ष विन्द प्रताप सिंह, उप प्रबंन्धक ओ0पी0 सिंह पूर्व प्राचार्य डॉ0 राधेश्याम सिंह, डॉ0 अरूण कुमार सिंह, अनिमेष सिंह प्रधानाचार्य परिषद के मण्डल अध्यक्ष डॉ0 राम नयन, जिलाध्यक्ष डॉ0 जय प्रकाश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ0 पी0के0 सिंह प्रधानाचार्य डॉ0 सुभाष सिंह, डॉ0 राकेश सिंह, डॉ0 उदयराज सिंह, जर्नादन सिंह, रमेंश चन्द्र सिंह, दिनेश कुमार सिंह, वी0पी0 सिंह डॉ0 प्रीति उपाध्याय, नम्रता सिंह, सरिथा सिंह, डॉ0 रीता सिंह, एड्वोकेट वीरेन्द्र प्रताप सिंह प्रबंन्ध समिति सदस्य वी0पी0 सिंह राजीव सिंह अभिषेक सिंह हरिनारायण यादव व सहित सम्भ्रान्त जन उपस्थित रहे। संस्थापक समारोह की अध्यक्षता दिनेश प्रताप सिंह एवं संचालन डॉ0 सुनील कुमार सिंह ने किया अन्त में प्रबंन्धक सत्य प्रकाश सिंह ने आगत जन के प्रति आभार प्रकट किया।

# शादी के बहाने नशीला पदार्थ सुंघाकर लूटे लाखों की नकदी और जेवरात

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : शादी के रिश्ते के बहाने गिरोह ने किया लाखों रुपए पर हादसा। लड़की के घर रिश्ता देखने आए वर पक्ष के लोगों ने नशीला पदार्थ सुंघाकर लूटे लाखों की नकदी और जेवरात। चांदा कोतवाली के बनभोकार गांव से जुड़ा मामला। लड़की पक्ष की तरफ से रात्रि विश्राम का किया गया था अनुरोध,रात के अंधेरे में वर पक्ष ने किया अजब–गजब कारनामा। बीती रात हुई वारदात के बाद रविवार की भोर मौके पर पहुंचे चांदा कोतवाल श्रीनिवास पांडेय बोले। मामले में की जा रही सुराग रसी,तहरीर पर दर्ज किया जा रहा मुकदमा।

# मोतिगरपुर पुलिस द्वारा शातिर चोर को किया गया गिरफ्तार

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : राजा दियरा कोठी के पीछे से शातिर चोर को मोतिगरपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार। फतेहपुर कोर्ट से सजायाफ्ता चोर विभिन्न धातु के बर्तन के टुकड़ों के साथ दबोचे गए। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में भी दिया था कई चोरी की घटनाओं को अंजाम। मोतिगरपुर पुलिस को मिली कामयाबी। थानाध्यक्ष राजकुमार वर्मा बोले,सुनिश्चित की जा रही जेल भेजने की कार्रवाई।

# पैसे का लालच देकर 8 वर्षीय मासूम से दुराचार करने का आरोपी हुए गिरफ्तार

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : पैसे का लालच देकर 8 वर्षीय मासूम से अप्राकृतिक दुराचार करने का आरोपी हुए गिरफ्तार। दोस्तपुर थाना क्षेत्र से जुड़ा मामला। 1 दिन पूर्व विद्यालय से लौटे बच्चे के साथ की थी अप्राकृतिक यौनाचार की वारदात। दादा की तहरीर पर दर्ज हुआ था मुकदमा। दोस्तपुर थाना अध्यक्ष लक्ष्मीकांत मिश्र ने की गिरफ्तारी की पुष्टि।

## अधिवक्ता संघ सुलतानपुर द्वारा प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री योगी से की मॉग अपने सांसद और विधायकों पर भी चलाए बुलडोजर

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर रहे धनगर कार्यकर्ता की मौजूदगी में अधिवक्ता बोले,मुख्यमंत्री योगी दम हो तो अपने सांसद और विधायकों पर भी बुलडोजर चलाओ। माफिया जनप्रतिनिधियों की




अधिवक्ताओं ने पढ़ी सूची राज्यपाल और सीएम योगी से आवाहन,इन पर भी करें कार्रवाई। बैनर पोस्टर लेकर कलेक्ट्रेट में डीएम कार्यालय के सामने अधिवक्ताओं ने किया गुस्से का इजहार। प्रदर्शन के बीच पहुंचे एसडीएम सदर सीपी पाठक,राज्यपाल और सीएम को ज्ञापन भेजने का दिया आश्वासन। उमेश पाल हत्याकांड के दोषियों को फांसी देने की उठी आवाज।

# 8.74 लाख की डकैती का अभियुक्त अवैध तमंचे के साथ हुआ गिरफ्तार

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : 8.74 लाख की डकैती का अभियुक्त अवैध तमंचे के साथ हुआ गिरफ्तार। 2018 में दिनदहाड़े दोपहर 11 बजे उत्तर



प्रदेश बड़ौदा ग्रामीण बैंक, अर्जुनपुर, थाना लंभुआ में पड़ी थी डकैती। शातिर बदमाश सूरत सिंह पुत्र राजबहादुर सिंह निवासी अर्जुनपुर थाना कोतवाली लंभुआ हुआ गिरफ्तार। कोतवाल शिवाकांत त्रिपाठी बोले,लंबे समय से चल रही थी बदमाश की तलाश। गिरफ्तारी कर की जा रही जेल भेजने की कार्रवाई।

# एसडीएम के निर्देश पर लेखपाल ने दर्ज कराया मुकदमा

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) तहसील रूदौली क्षेत्र के एक गाँव मे ग्राम समाज की सुरक्षित भूमि पर लगे पेड़ को काटकर बेचने पर आरोपी व्यक्ति के विरुद्ध एसडीएम के निर्देश पर लेखपाल ने मुकदमा दर्ज कराया है।जानकारी के अनुसार रुदौली तहसील के ग्राम रौजागांव की गाटा संख्या 1790/0.607 हे0 पशुचर अंकित भूमि के आंशिक भाग पर कुछ शीशम के पेड़ लगे हुऐ थे जिसको तौकीर अहमद पुत्र कदीर अहमद निवासी ग्राम गेरौण्डा के द्वारा बताया गया कि पेड़ो को रात में एजाज अहमद पुत्र जमालुद्दीन निवासी ग्राम टाण्डा खुलासा के द्वारा काटकर चोरी से उठाकर बेच दिया गया है जिससे समाज की संपत्ति को जानबूझकर क्षति पहुंचायी गई है। इस सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी रुदौली स्वप्निल कुमार यादव द्वारा उक्त व्यक्ति के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज करने हेतु हल्का लेखपाल को निर्देश दिया गया।प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि रौजागांव लेखपाल विशाल सिंह पुत्र स्व. कमल कुमार सिंह ने गाटा सं. 1790/0.607 हेक्ट स्थित ग्राम रौजागांव के पशुचर भूमि पर लगे कुछ शीशम के पेड़ को काटकर बेचने पर एजाज अहमद पुत्र जमालुद्दीन निवासी ग्राम टांडा खुलासा के विरुद्ध भा. द. सं. की धारा 379 व सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान की धारा 2/3 में मुकदमा दर्ज कराया है।

# जल की स्वच्छता के साथ मन की स्वच्छता भी आवश्यक– सत्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आजादी के 75वें 'अमृत महोत्सव' के तत्वावधान् में सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन कर कमलों द्वारा आज 'अमृत परियोजना' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल स्वच्छ मन' का शुभारम्भ यमुना छठ घाट (आई. टी. ओ.) से किया गया। इसके साथ ही सत्गुरु माता जी के पावन आशीर्वाद से यह परियोजना समूचे भारतवर्ष के 1100 से अधिक स्थानों के 730 शहरों, 27 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में विशाल रूप से एक साथ आयोजित की गई। इस परियोजना के अंतर्गत जनपद जौनपुर में भी गोमती नदी के तट गोपी घाट एवं हनुमान घाट पर महात्मा मानिक चंद्र तिवारी जोनल इंचार्ज के नेतृत्व में व सेवादल के क्षेत्रीय संचालक अमरनाथ विश्वकर्मा व राजेश प्रजापति क्षेत्रीय संचालक के साथ लगभग 1500 सेवादल के भाई–बहन वह संगत के संत महात्मा सुबह 8:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक इस स्वच्छता अभियान में सम्मिलित होकर सफाई का कार्य किए । यह जानकारी देते हुए मिशन के स्थानीय मीडिया सहायक उदय नारायण जायसवाल ने आगे बताया कि बाबा हरदेव सिंह जी की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा निरंकारी सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के दिव्य निर्देशन में 'अमृत परियोजना' का आयोजन हुआ। इस परियोजना का शुभारम्भ करते हुए सत्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज ने जल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परमात्मा ने हमे यह जो अमृत रूपी जल दिया है तो हम सभी का कर्त्वय बनता है कि हम सब उसकी उसी तरह संभाल करे। स्वच्छ जल के साथ साथ मनों का भी स्वच्छ होना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि इसी भाव के साथ हम संतो वाला जीवन जीते हुए सभी के लिये



परोपकार का ही कार्य करते है। इस परियोजना में अधिक से अधिक युवाओं का सक्रिय योगदान रहा। कार्यक्रम के मध्य केवल पर्यावरण अनुकूल उपकरणों का ही प्रयोग किया गया। प्लॉस्टिक की बोतलों, थर्माकॉल इत्यादि का प्रयोग सभी के लिए पूर्णतः वर्जित था। कार्यक्रम के समापन पर सम्मिलित हुए अतिथि गणों ने मिशन की भूरी भूरी प्रशंसा की और साथ ही निरंकारी सत्गुरु माता जी का ह्रदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मिशन ने जल संकट से बचाव हेतु 'जल संरक्षण' एवं 'जल निकायो' की स्वच्छता जैसी इस कल्याणकारी परियोजनाओं को क्रियान्वित स्वरूप दिया है जो निश्चित रूप से समाज के उत्थान हेतु एक अहम कदम है। संत निरंकारी मिशन समय समय पर ऐसी ही अनेक परियोजनाओं में सक्रिय रूप से सम्मिलित रहा है जिनमें विशेषतः पर्यावरण संरक्षण हेतु 'वननेस वन परियोजना' और उसके उपरांत जल संरक्षण हेतु 'अमृत प्रोजेक्ट' प्रमुख है।

# राज्यमंत्री रवीन्द्र जायसवाल द्वारा दो दिवसीय मण्डलीय शाकभाजी फल एवं पुष्प प्रदर्शनी 2023 का किया गया उद्घाटन

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : राजकीय अलंकृत उद्यान कम्पनीबाग, कचहरी, वाराणसी के प्रागण में आयोजित दो दिवसीय मण्डलीय शाकभाजी, फल एवं पुष्प प्रदर्शनी–2023 का उद्घाटन 25 फरवरी 2023 को मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), स्टाम्प, न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन, उ0प्र0 सरकार श्री रवीन्द्र जायसवाल जी द्वारा किया गया। मण्डलीय शाकभाजी, फल एवं पुष्प प्रदर्शनी दो भागों में आयोजित की गयी, भाग–1 के अन्तर्गत शाकभाजी, फल एवं फलों से संरक्षित पदार्थ को सम्मिलित किया गया है। भाग–2 के अन्तर्गत गुलाब के कटे फूल, प्रदर्शनी का सर्वोत्तम गुलाब, कटे मौसमी फूल, कलात्मक फूलों की सज्जा, डहेलिया, सदाबहार पत्ती वाले पौधे, कैक्टस, सकुलेन्ट्स, बोनसाई, वर्टिकल गार्डेन, रंगोली सम्मिलित थे। प्रदर्शनी में 500 प्रतिभागियों ने 2776 प्रदर्शों के साथ प्रतिभाग किया, जिसमें से प्रमुखतः पूर्वोत्तर रेलवे, बी0एच0यू0, 39–जी0टी0सी0, छावनी परिषद, केन्द्रीय कारागार, भारत हैवी इलेक्ट्रिकल, नगर निगम, वाराणसी विकास प्राधिकरण, निजी पौधशालाएं, जनपद वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर एवं चन्दौली के कृषक प्रतिभागी रहे। प्रदर्शनी का सर्वोत्तम गुलाब ''किंग आफ द शो'' जुमेलिया प्रजाति (प्रस्तुति ग्लोब नर्सरी), ''क्वीन आफ द शो'' सोलेयर प्रजाति (प्रस्तुति छावनी परिषद) विजेता रही। मुख्य अतिथि मा0 मंत्री द्वारा इस अवसर पर प्रदर्शनी समिति द्वारा प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन किया गया एवं प्रदर्शनी में मण्डल के 08 शाकभाजी एवं फलों के उन्नतशील खेती करने वाले उत्कृष्ट कृषकों को प्रशस्ति–पत्र प्रदान किया गया। उद्यान विभाग द्वारा संचालित राज्य औद्यानिक मिशन योजनान्तर्गत मशीनीकरण कार्यक्रम में दो लाभार्थी बालचरन, नरेन्द्र कुमार वर्मा को मा0 मंत्री जी द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान पर पावर टिलर उपकरण की चाभी प्रदान की गयी। प्रदर्शनी में प्रदर्शित प्रदर्शों की जजिंग भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक डा0 सूर्यनाथ सिंह चौरसिया, डा0 एस0के0 सिंह, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रो0 अनिल कुमार सिंह, डा0 ए0के0 पाल और श्री अश्विनी देशवाल, यू0पी0 कालेज के डा0 धर्मेन्द्र कुमार सिंह एवं डा0 एम0पी0 सिंह, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डा0 नरेन्द्र रघुवंशी,



डा0एन0के0 सिंह, डा0 मनीष पाण्डेय, अग्रसेन महिला पी0जी कालेज की डा0 उषा बालचन्दानी एवं जिला सूचना अधिकारी सुश्री मनोकामना राय द्वारा की गयी, जिसके आधार पर प्रतिभागियों को पुरस्कार 26 फरवरी 2023 को अपरान्ह 01:00 बजे आयुक्त महोदय, वाराणसी मण्डल/अध्यक्ष, मण्डलीय शाकभाजी, फल एवं पुष्प प्रदर्शनी वाराणसी द्वारा प्रदान किया जायेगा। प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों एवं निजी संस्थाओं द्वारा आकर्षक स्टाल भी लगाये गये हैं, अपरान्ह में प्रदर्शनी का अवलोकन एस0 राजलिंगम जिलाधिकारी वाराणसी, अभिषेक गोयल उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण वाराणसी, हिमांशु नागपाल मुख्य विकास अधिकारी वाराणसी द्वारा किया गया। प्रदर्शनी के जजों को श्री जय करण सिंह उप निदेशक उद्यान/सचिव, मण्डलीय शाकभाजी, फल एवं पुष्प प्रदर्शनी वाराणसी द्वारा मोमेन्टो प्रदान कर सम्मानित किया गया। सुभाष कुमार जिला उद्यान अधिकारी वाराणसी, श्रीमती अलका श्रीवास्तव जिला उद्यान अधिकारी चन्दौली, श्रीमती ममता सिंह यादव जिला उद्यान अधिकारी जौनपुर एवं शैलेन्द्रदेव दूबे जिला उद्यान अधिकारी गाजीपुर, मनोज कुमार सिंह तकनीकी सहायक, राजेश कुमार सिंह लेखाकार, अनुराग कुमार सिंह वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक, ज्योति कुमार सिंह, उद्यान निरीक्षक, सुधान्शु कुमार सिंह उद्यान निरीक्षक, कु0 स्नेहलता सिंह प्रधान सहायक द्वारा प्रदर्शनी आयोजन में सराहनीय योगदान प्रदान किया गया।

# सपा जिलाध्यक्ष ने घायल पत्रकार के घर जाकर जाना हाल : सुरक्षा देने की किया माँग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सपा जिला अध्यक्ष लाल बहादुर यादव आज पत्रकार देवेंद्र खरे के आवास पर पहुंचकर घटना की जानकारी लिया बता दें बीती रात न्यूज इंडिया वन के जिला संवाददाता देवेंद्र खरे को उनके कार्यालय पर कल रात अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या करने का प्रयास किया गया जिससे उनके हाथ के उंगली में गोली लगी और वह बाल–बाल बचे घटना की जानकारी लेने के लिए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष लाल बहादुर यादव उनके आवास पर पहुंचे वहीं उन्होंने कहा भाजपा सरकार में अगर कोई सच दिखा रहा है तो उसकी भी जान पर खतरा मंडरा रहा है भाजपा सरकार में देश के चौथे स्तंभ पत्रकार साथियों की भी सुरक्षा नहीं कर पा रही है भाजपा सरकार चाहती है की चौथा स्तंभ सिर्फ उनके कमीयों को न दिखाऐ न चलाएं अगर कोई पत्रकार उनके कमीयों को उजागर किया तो उसे फर्जी मुकदमे में फंसाया जा रहा है या तो उसके ऊपर प्राणघातक हमला हो रहे हैं भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा पत्रकार भाईयों का हत्या हुआ या फर्जी मुकदमों मे फसाया गया है प्रशासन से ही मांग



है देवेंद्र खरे समेत जितने भी पत्रकार को यह महसूस हो रहा है सच लिखने का हमको सजा मिल सकता है हमारे ऊपर हमला हो सकती है उन सभी को सुरक्षा प्रदान करने की आवश्यकता है जिसको जिला प्रशासन संज्ञान लेकर सुरक्षा प्रदान करने की कृपा करें जिससे पत्रकार अपना कर्त्तव्य निर्भिक होकर निभा सकें और इस घटना में जो भी वांछित अपराधी हैं जल्द से जल्द इस घटना का खुलासा करें समाजवादी पार्टी हमेशा ईमानदार पत्रकारों का सम्मान किया है अब तक प्रदेश में जितने भी पत्रकार साथियों का भाजपा सरकार द्वारा उत्पीड़न के शिकार हुए हैं उसमें सिर्फ समाजवादी पार्टी ही मुखर होकर पत्रकारों के साथ खडी रही और उनकी लड़ाई लड़ने का काम किया है।

# देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती व नागरिको की खुशी सतत् विकास पर निर्भर – लल्लू सिंह

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) किसी भी देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती व नागरिकों की खुशी का मानक सतत विकास प्रक्रिया को माना जाता है।सतत विकास वह प्रक्रिया जो वर्तमान की अपेक्षाओं को पूरा करने के साथ आने वाली पीढ़ी की आवश्यकताओं को पूरा करने की क्षमता रखती है।इसी को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार के द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट वर्तमान की हर अपेक्षा को पूरा करने साथ आने वाली पीढ़ी की आवश्यकताओं को पूरा करने की क्षमता रखता है।यह बातें रविवार को सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय पर सांसद लल्लू सिंह ने पत्रकार वार्ता में कहीं। उन्होंने बताया कि हमारा देश के अमृतकाल की शुरुवात का यह पहला बजट अगले 25 वर्षों की दिशा तय कर रहा है।जो विकास के हर क्षेत्र में है। जिसमें अयोध्या जिले का चहुंमुखी विकास व आगे क्या विकास होगा उस पर भी सांसद लल्लू सिंह ने बताया। उन्होंने बताया कि जिले में अयोध्या से जगदीशपुर तक फोरलेन सड़क मार्ग, अम्बेडकरनगर से बाराबंकी तक रेलवे लाइन का दोहरीकरण का निर्माण कार्य इसी वर्ष पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि अयोध्या जिले से प्रतापगढ़, अयोध्या से अम्बेडकर नगर से जौनपुर होते हुए विंध्यवासिनी तक डीपीआर तैयार कर केंद्र सरकार को विकास के लिए भेज दिया जाएगा।इसी तरह जिले प्रभु राम से जुड़े स्थान रामपुर भगन, श्रवण क्षेत्र सहित अन्य स्थानों का विकास कार्य की स्वीकृति मांगी जाएगी। वही अयोध्या नगर का चहुंमुखी विकास होगा। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही जिले में दर्शन नगर व मसौधा को रेलवे स्टेशन के रूप में तब्दील किया जाएगा। वही लखनऊ से गोरखपुर हाईवे छः लेन में होगा। वही सहादतगंज से नया घाट तक मार्ग का का सौंदर्यीकरण किया जायेगा जिसमें लगभग साढ़े पांच सौ करोड़ रुपये खर्च होने की उम्मीद है।इसी तरह गरीबी को निशुल्क राशन वितरण भी दो लाख करोड़ रुपए का बजट है।उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मागदर्शन में यह बजट विकसित भारत के विराट संकल्पों को पूरा करने के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण करेगा। बजट गरीबों, वंचितों, किसानों, महिलाओं को सशक्त व सक्षम बनाने कार्य करेगा।निम्न मध्यम व उच्च वर्ग के साथ युवाओं को सपनों को पूरा करेगा।बजट में सप्तर्षि प्राथमिकताएं निर्धारित की गयी है जिसमें समावेशी विकास, लास्ट माइल डिलीवरी बुनियादी ढांचा और निवेश, क्षमता को उजागर करना, हरित विकास, युवा और वित्तीय क्षेत्र की मजबूती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत अगले साल तक सभी अंत्योदय और प्राथमिकता वाले परिवारों को मुफ्त खाद्यान्न की आपूर्ति की जायेगी।सरकार पर इसके लिए 2 लाख करोड़ रुपये खर्च करने होंगे।पीएम आवास योजना के तहत वर्तमान बजटीय परिव्यय को मोदी सरकार के द्वारा 66 प्रतिशत बढ़ाकर 79,000 करोड़ कर दिया गया है।जोकि सरकार पिछले 7 वर्षों में 2.79 करोड़ घरो का निर्माण करने में सफल रही है। महिला सशक्तिकरण विकास पर उन्होंने कहा कि महिला सम्मान बचत योजना महिला सशक्तिकरण




के बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से महिलाओं को अल्पकालिक बचत को लेकर जागरुक करेगी।इसमें आंशिक निकासी के विकल्प के साथ महिलाओं, लड़कियों के नाम पर 2 वर्ष की अवधि और 75 प्रतिशत के निश्चित ब्याज की दर पर जमा सुविधा होगी।जिसमें मातृ वंदना, पीएम वात्सल्य, पोषण अभियान जैसी महिला केन्द्रित कल्याणकारी योजना में भारी निवेश के साथ सरकार ने आनलाईन ई मार्केटिंग प्लेटफार्म महिला ई हाट लांच किया गया है।यह महिलाओं के समाजिक आर्थिक सशक्तिकरण को मजबूत करने का पहला आनलाईन मार्केटिंग प्लेटफार्म जिससे 32,000 से अधिक महिला उद्यमियों, एसएची. एनजीओं के साथ 7.34 से अधिक लाभार्थियों को प्रभावित कर रहा है।सरकार ने वजट में शिक्षा क्षेत्र के लिए 1,12,898 करोड़ रुपये आवंटित किये है।जो शिक्षा मंत्रालय को दिया गया अब तक का सबसे अधिक आवंटन है। बढ़ा हुआ बजट राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तेजी से क्रियान्वयन को सुनिश्चित करेगा जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नये भारत के सपनों को साकार करने में मद्द करेगा। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4, युवाओं के लिए डीबीटी योजनाए 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, युनिफाईड स्किल इंडिया डिजिटल प्लेटफार्म युवाओं के सपनों को पूरा करेगा।50 पयर्टन स्थलों की पहचान की जायेगी।घरेलू और अंतराष्ट्रीय पार्टन को सम्पूर्ण पैकेज के रूप में विकससित किया जायेगा।किसानों के हितों की रक्षा हेतु कृषि ऋण का लक्ष्य 11 प्रतिशत बढ़ाकर 20 लाख करोड किया गया। इससे कृषि एवं कृषि सम्बंधित क्षेत्रों के व्यापक विकास में मद्द मिलेगी।बजट में व्यवसायिक खेती पर विशेष ध्यान दिया गया है। जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए बजट में पचास हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की सहायता प्रदान की गयी है। 10,000 करोड़ रुपये गोबरधन योजना के लिए आवंटित किये गये है जो देशभर में 500 बायोगैस संयंत्र स्थापित करेगी। जिससे डेयरी किसानों की आय स्तर में काफी वृद्धि होगी।रेलवे को विश्वस्तरीय बनाने की पृष्ठभूमि तैयार कर रहा है। सरकार ने भारतीय रेलवे के लिए 2. 40 लाख करोड़ का प्रस्ताव दिया है। यह 2013–14 में किये गये 26 हजार करोड़ के परिव्यय से 9 गुना अधिक है। इस बजट से अधिक से अधिक रेलवे लाईनें स्थापित होंगी।जिसके परिणाम स्वरुप अधिक से अधिक लोग रेलवे प्रणाली से जुड़ेंगे। यातायात तथा अन्य लागतों में कमी की दिशा में व्यापक प्रभाव होंगे। जिससे माल ढुलाई को बढ़ावा मिलेगा। इस मौके पर उनके अलावा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सुरक्षा में तैनात कांस्टेबल की असलहा साफ करते समय हुई फायरिंग में मौत : शव पहुंचते ही क्षेत्र में पसरा सन्नाटा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सुरक्षा में तैनात एक सिपाही की साफ करते समय फायरिंग हो जाने से मौत हो गई।उसका शव घर पर पहुंचते ही क्षेत्र में सन्नाटा पसर गया।यह सिपाही मसौली थाना क्षेत्र के ग्रीन सिटी में पिछले पांच वर्षों से रह रहा था। सुबह उसे पुनः मुख्यमंत्री की सुरक्षा में जाना था। मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात सिपाही संदीप यादव पुत्र वेद प्रकाश निवासी कदनपुर थाना कोतवाली इनायतनगर की उस समय मौत हो गई, जब वह अपने मसौली थाना क्षेत्र के ग्रीनसिटी स्थित आवास में असलहा साफ कर रहा था। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस उसे जिला अस्पताल ले गई, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी होने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया था। मृतक कांस्टेबल का शव गांव जैसे पहुंचा गांव में कोहराम मच गया। चारों तरफ रोने बिलखने व चीत्कार की आवाज सुनाई देने लगी। ग्रामीणों में मातम सा छा गया। घर की महिलाएं रोते–रोते बेहोश हो जा रही थीं। कांस्टेबल की नौ वर्षीय बेटी भी अपने पिता के लिए रोती रही। शव के साथ थाना कोतवाली इनायतनगर इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह व पुलिस क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर आशुतोष मिश्रा पहुंचे। पुलिस ने अपने साथी को अंतिम सलामी दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री कार्यालय से आए अधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।बताते चलें कि अयोध्या जिले के इनायतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कदनपुर निवासी वेदप्रकाश यादव के पुत्र संदीप यादव (35) पुलिस विभाग में हेडकांस्टेबल थे और पिछले पांच साल से मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात थे। संदीप ने कुछ साल पहले मसौली थाना क्षेत्र में लखनऊ–अयोध्या हाईवे के बगल स्थित ग्रीन गार्डेन सिटी में अपना मकान बनवाया था और यहीं पर उनकी पत्नी निशा व नौ साल की पुत्री अर्पिता रहती है। मकान में कुछ किरायेदार भी रहते हैं।सूत्र के मुताबिक शुक्रवार को शाम करीब साढ़े तीन बजे संदीप लखनऊ से अपने मकान पर पहुंचे।शाम करीब सात बजे अचानक गोली चली तो आसपास के लोग भी चौंक पड़े। पत्नी निशा के रोने की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग मकान के कमरे में पहुंचे तो संदीप लहूलुहान पड़ा था। गोली उनके माथे में लगी थी। आनन–फानन में उसे अस्पताल ले जाने की कोशिश हुई, मगर मौत हो चुकी थी।लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी तो हड़कंप मच गया। मसौली थाने के साथ शहर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।इस घटना की सूचना मिलने पर एसपी भी पहुंचे। संदीप के हाथों में कारतूस था, जबकि पास में ही पिस्टल व मैगजीन पड़ी थी। पुलिस ने इसकी सूचना अयोध्या में रहने वाले परिजनों को दी। देर रात पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा रहा। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि, पिस्टल की सफाई करते वक्त गोली चलने की संभावना है। हर पहलू की जांच की जा रही है। संदीप पिछले पांच साल से सीएम की सुरक्षा में तैनात था। सूत्र के मुताबिक लखनऊ से घर पहुंचे संदीप अपने साथ पनीर लेकर पहुंचा था। उसने अपनी बेटी अर्पिता को दुलराया और पत्नी से पनीर की डिश बनाने को कहा। पत्नी के अनुसार वह बर्तन साफ कर रही थी, इसी दौरान गोली चलने की आवाज आई। पति की अचानक हुई मौत से निशा बेसुध थी। महिला पुलिसकर्मी उसे ढाढस बंधाने में लगे थे। बताते है कि संदीप सुबह जल्दी लखनऊ जाने की बात भी कह रहा था।

# रूबी बनीं सपा महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सपा महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रूबी श्रीवास्तव जी 1 मार्च को अयोध्या जनपद के भ्रमण पर आएंगी । महिला सभा के पुनर्गठन के लिए महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश के अपने दूसरे चरण के कार्यक्रम में अयोध्या जनपद आ रही हैं।सपा प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि महिला प्रदेश अध्यक्ष 1 मार्च को 10 बजे पार्टी कार्यालय पर महिला सभा की निवर्तमान पदाधिकारियों से मुलाकात और जिला तथा महानगर कमेटी के पुनर्गठन पर चर्चा करेंगी।निवर्तमान सपा जिला अध्यक्ष गंगासिंह यादव और निवर्तमान महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने जिला और महानगर की समस्त निवर्तमान पदाधिकारियों से महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम आगमन पर जोरदार स्वागत करने का आग्रह किया है।

# राम मंदिर को मजबूती देगी 'राम नाम की ईंट'

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रामलला के मंदिर में बंसी पहाड़पुर के पत्थरों का इस्तेमाल किया जा रहा है और पत्थरों की डिजाइन के बीच आने वाले गैप में चंडीगढ़ से वैज्ञानिक पद्धति से निर्मित ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है।इन ईंटों को बनाने के लिए चंडीगढ़ की एक कंपनी को विशेष ऑर्डर दिया गया है।यहां से बड़ी संख्या में राम नाम ईंट अयोध्या पहुंच रही हैं। इन्हीं ईंटों को राम जन्म भूमि के मंदिर के अंदर दो पत्थरों के बीच में आने वाले गैप में लगाया जा रहा है।उत्घ्तर प्रदेश के अयोध्या में बन रहे भगवान राम के मंदिर में मजबूती के लिए राम नाम की ईंट का इस्तेमाल किया जा रहा है।उत्घ्तर प्रदेश के अयोध्या में बन रहे भगवान राम के मंदिर में मजबूती के लिए राम नाम की ईंट का इस्तेमाल किया जा रहा है।भगवान राम के मंदिर का निर्माण दिसंबर 2023 के पहले पूरा हो जाएगा।मकर संक्रांति को भगवान भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। इस संबंध में इंजीनियर दुर्गेश पांडे ने कहा कि जितने भी ईट राम मंदिर में लगाए जा रहे हैं उन सभी का क्वालिटी चेक करके लगाया जा रहा है।उत्घ्तर प्रदेश के अयोध्या में बन रहे भगवान राम के मंदिर में मजबूती के लिए राम नाम की ईंट का इस्तेमाल किया जा रहा है।आपने सुना होगा राम से बड़ा राम का नाम अब राम मंदिर के निर्माण में कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला है। भगवान राम लला का बहुप्रतीक्षित मंदिर भव्यता के साथ बनाया जा रहा है।दिसंबर 2023 तक भगवान रामलला के मंदिर का निर्माण पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है या यूं कहा जाए कि गर्भ ग्रह सहित भगवान के भूतल का निर्माण दिसंबर 2023 के पहले पूरा हो जाएगा।मकर संक्रांति को भगवान भव्य मंदिर में विराजमान होंगे।भगवान रामलला के मंदिर में बंसी पहाड़पुर के पत्थरों का इस्तेमाल किया जा रहा है और पत्थरों की डिजाइन के बीच आने वाले गैप में चंडीगढ़ से वैज्ञानिक पद्धति से निर्मित ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है।इन ईंटों को बनाने के लिए चंडीगढ़ की एक कंपनी को विशेष ऑर्डर दिया गया है।यहां से बड़ी संख्या में राम नाम ईंट अयोध्या पहुंच रही हैं। इन्हीं ईंटों को राम जन्म भूमि के मंदिर के अंदर दो पत्थरों के बीच में आने वाले गैप में लगाया जा रहा है। सभी ईटों की क्वालिटी चेक कर के लगाया जा रहा है।ईंटों से रैम्प बनाया जा रहा है और इसके अलावा ईंट का इस्तेमाल सीढ़ियों में भी किया जाएगा। राम नाम ईंट के अलावा 3 होल की ईंट भी लगाई जा रही हैं, जो पत्थरों को परस्पर जोड़ने के लिए एक सलाखें का काम करेंगी। जध्सि पत्थरों में सैकड़ों वर्ष तक मजबूती बनी रहेगी और भूकंप रोधी रहेंगे अब तक लगभग डेढ़ लाख ईट चंडीगढ़ से अयोध्या आ चुकी है।इंजीनियर दुर्गेश पांडे ने कहा कि जितने भी ईट राम मंदिर में लगाए जा रहे हैं उन सभी का क्वालिटी चेक करके लगाया जा रहा है।इस ईटों से रैंप बनाया जा रहा है। इसके अलावा ईटों का इस्तेमाल सीढ़ी बनाने में किया जा रहा है। भगवान राम का मंदिर बन रहा है, इसलिए हर ईट पर भगवान राम का नाम लिखा है।इसके अलावा राम मंदिर में 3 होल वाली ईट भी लगाया जा रहा है।अभी तक चंडीगढ़ से लगभग डेढ़ लाख ईट आ चुकी है।ईट लगाने वाले कारीगर रनवीर यादव बताते हैं कि मंदिर निर्माण जहां पत्थर नहीं लगाए जाते जो खाली स्थान बचा रहता है उन्हीं स्थानों पर भरने के लिए इन ईटों का प्रयोग किया जा रहा है।ईटों में इतनी मजबूती है कि एक बार लग जाने के बाद अखंडता नहीं है डिजाइन के बीचो बीच जहां पत्थर नहीं लगाए जा सकते वहां पर इन ईट को लगाया जाता है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कैंप कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता ने कहा कि राम मंदिर में सीढ़ियां बनाई जा रही हैं उन्हीं सीढ़ियों में इन ईट का इस्तेमाल किया जा रहा है। क्योंकि राम मंदिर में बड़े–बड़े पत्थर लगाए जा रहे हैं।जहां पत्थर नहीं लग पा रहे हैं तो वहां पर इन ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है।यह समिति चंडीगढ़ से बनवाई गई हैं वैज्ञानिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया है।राम का मंदिर बन रहा है हर ईट पर भगवान राम का नाम लिखा है यह बहुत अच्छी बात है। बाकायदे इंजीनियरों से इस ईट के बारे में राय मशवरा लिया गया है। उसके बाद इस ईट को लगाया गया है। मंदिर निर्माण में ऐसी तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है ताकि मंदिर हजारों साल सुरक्षित रहे।

# रामपथ पर चल रहे चौड़ीकरण के कार्यों की एडीएम प्रशासन अमित कुमार ने साझा की जानकारी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रामपथ पर चल रहे चौड़ीकरण के कार्यों की जानकारी एडीएम प्रशासन अमित कुमार ने की साझा।कहा, सहादतगंज से अयोध्या तक रामपथ की जद में आने वाली लगभग 2200 दुकानें थी जिनका अनुदान दुकानदारों के खाते में पहुंच चुका।इसके साथ साथ लगभग 800 के आसपास बैनामे हो चुके।1 से 2 मकान विवादित है जिसका जल्दी निस्तारण करवा कर बैनामा कर दिया जाएगा।भुगतान हो जाने के बाद भूस्वामी और दुकानदार अपने मकान व दुकानों को तोड़ रहे। 20 से 25 मकानों का कार्य अभी है बाकी।जल्द से जल्द उसका भी कार्य हो जाएगा पूरा।कई जगहों पर हमारे द्वारा डक्ट का निर्माण कार्य शुरू हो गया और हमारे द्वारा सभी मकान मालिक, दुकानदारों को बता दिया गया, डक्ट निर्माण से पहले पहले अपने मकानों को बनवा लें क्योंकि डक्ट बनते समय स्लोप देखना होता।अभी 10 जगह डक्ट निर्माण का कार्य चल रहा।जिससे उनके मकान निर्माण में कोई बाधा ना उत्पन्न हो।

# पूज्य साकेत वासी महंत भगवान दास खंडेश्वरी महाराज की 20वीं पुण्यतिथि व मंदिर का मनाया गया 41 वां वार्षिक उत्सव

अयोध्या (डीकेयू लाईव ब्यूरो सुरेंद्र कुमार ) अयोध्या के नया घाट स्थित खंडेश्वरी मंदिर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी परम पूज्य साकेत वासी महंत भगवान दास खंडेश्वरी महाराज की 20वी पुण्यतिथि मंदिर का 41 वां वार्षिक उत्सव इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें अयोध्या के सभी साधु संत सम्मिलित हुए और साकेत वासी महंत भगवान दास खंडेश्वरी महाराज की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और आए हुए सभी अयोध्या के संत महंत व श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया वही महंत दिलीप दास त्यागी ने बताया कि परम पूज्य साकेत वासी महंत दादा गुरु भगवानदास खंडेश्वरी महाराज 28 साल तक खड़े होकर साधना किया और विलक्षण संत थे जिन्होंने एक हठयोग की परंपरा अयोध्या में स्थापित की जो कभी सतयुग में महाराज मनु ने जो तपस्या किया था 23 हजार सालों तक नैमीषारण गोमती जल में खड़े होकर के। वही साधना परम पूज्य खंडेश्वरी महाराज ने इस कलयुग में 28 साल तक खड़े होकर साधना की और उनकी तपस्या का परिणाम रहा कि जो राम वैदेही भगवान यहां विराजमान है सौ सवा सौ कमरे का आश्रम तपस्या का प्रभाव है और उनकी



तपस्या का प्रतिफल है ऐसा विलक्षण संत ऐसा हट योगी संत ऐसा तपस्वी संत जो अयोध्या में एक आदर्श बन गए आज उन्हीं की पुण्यतिथि अयोध्या के संत महंतों ने उपस्थित होकर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया इस कार्यक्रम में वैदेही मंदिर के महंत राम प्रकाश दास, उत्तराधिकारी दिलीप दास त्यागी, कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह, किशोरी दास पुजारी, पुजारी राजेंद्र दास, हरीश दास, डॉक्टर देवेशाचार्य, विकास तिवारी समाजसेवी, व अयोध्या के संत महंत श्रद्धालु व राजनीतिक लोग और सभी सम्मानित लोग सम्मिलित हए।

# 6 से 28 अप्रैल तक होगी चौरासी कोसी परिक्ररमा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) भगवान श्रीराम की जन्मभूमि क्षेत्र सहित अयोध्या के चौरासी कोस मे पड़ने वाले देव स्थानो की परिक्रमा मनुष्य को जहां भवसागर से पार करती हे वहीं परिक्रमार्थी जाति पात ऊँच नीच जैसे मानसिकता से मुक्त रहकर समरस हो जाता है, और श्रीराम के प्रति समर्पित भाव से आगे बढता है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिये साधू संतो के मार्गदर्शन में हनुमान मंडल के बैनर तले पवित्र पावनि माता सरयू का आचमन ––पूजन कर छः अप्रैल से अठ्ठाइस अप्रैल तक चौरासी कोसी परिक्ररमा होगी।इक्कीस दिवसीय अयोध्या चौरासी कोसी परिक्रमा को सुचारू और व्यवस्थित बनाने के साथ ही बाहर से आने वाले परिक्रमार्थियों के भोजन, जलपान और विश्राम की व्यवस्था हेतु रविवार को कारसेवक पुरम् में बैठक कर कार्यकर्ताओं को दायित्व भी सौंपा गया।इस अवसर पर अयोध्या चौरासी कोसी परिक्रमा के प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने कहा लगातार साधूसंतों के मार्ग दर्शन में चल रही यह परंपरागत परिक्रमा आज संपूर्ण देश में चर्चित हो गयी है।यह देव कार्य है ,जो अपनी परंपरा और संस्कृति को संजोए हुये है। इस अवसर पर कटरा कुटि के महंत चिनमय दास महाराज ने कहा अयोध्या के चौरासी कोस मे स्थापित धार्मिक और सांस्कृतिक केन्द्रो के विकास और उत्थान से श्रीराम नगरी के प्रति तीर्थ यात्रियों का रूझान और व्यापक होगा जिससे चौरासी कोस मे स्थानीय रोजगार का मार्ग भी खुलेगा।उन्हो ने कहा परिक्रमा समाज मे समन्वय स्थापित करती है।यह धर्म कर्म और मोक्ष का द्वार खोलती है। यह अपने ईष्ट के प्रति निष्ठा ही है कि सैकड़ो किलो मीटर की दूरी को हंसते हुये और मार्ग मे कष्टो को दरकिनार करते परिक्रमार्थी अपने लक्ष की ओर बढते हैं।इस अवसर पर विहिप के प्रांतीय नेता राकेश वर्मा, शरद शर्मा, धर्माचार्य संपर्क प्रमुख, जितेन्द्र जी, नलनेश सिंह, सुभाष भट्ट, रूदौली नगरपालिका के पूर्व चेयरमैनअशोक कशोधन,सुधांसु,रामशंकर शर्मा ,विहिप जिला अध्यक्ष साकेत उदयभान सिंह,उपाध्यक्ष दयानंद दूबे, संगठन मंत्री मोहित,गयाशरण, सलहंत सिंह, शारदा सिंह, जनार्दन, राजेंद्र सोनी, रामसूरत वर्मा, महंत जगन्नाथ दास, प्रवीण कुमार,, पुरूषोत्तम पांडेय,बस्ती, अंबेडकर नगर जनपद के पड़ाव प्रमुख उपस्थित हुये।

# ग्राम प्रधान इनायतनगर के कब्जे से मुक्त हुई ग्राम समाज नवीन परती की भूमि

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) बताते चलें कि ग्राम पंचायत इनायतनगर की ग्राम प्रधान रेनू देवी के द्वारा ग्राम सभा इनायतनगर की गाटा संख्या 844 नवीन परती पर कई वर्षों से अवैध रूप से अतिक्रमण किया गया था। अतिक्रमण कारी ग्राम प्रधान इनायतनगर रेनू देवी के परिवार वालों द्वारा उक्त भूमि पर करीब 20 वर्ष से जुताई बुवाई करके अतिक्रमण कर लिया गया था। जिसकी जानकारी जब प्रशासन को हुई तो जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिए गए आदेश के क्रम में उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर द्वारा उक्त भूमि को अभिलंब अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराने का आदेश दिया। जिसके चलते भारी फोर्स की मौजूदगी में एसडीएम मिल्कीपुर अमित जायसवाल के आदेश पर शनिवार को राजस्व टीम द्वारा उक्त भूमि की पैमाइश कर तत्काल अतिक्रमणकारियों से खाली करा दिया गया। इतना ही नहीं ग्राम प्रधान रेनू देवी के परिवार वालों द्वारा करीब 12 बीघा सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण किया गया है। जिसकी जांच अभी चल रही है जांच पूरी होते ही समस्त सरकारी भूमि ग्राम प्रधान के परिवार वालों के द्वारा किए गए अतिक्रमण से मुक्त करा दी जाएगी।

# रुदौली में नो एंट्री के बावजूद भी जाम हुआ आम

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) रुदौली में नो इंट्री के बावजूद भी जाम लगा रहता है। जिसमें इधर से गुजरने वाले राहगीरों घंटों इस जाम में फंसे रहते हैं। परंतु इस गंभीर समस्या पर इससे संबंधित विभाग ध्यान नहीं देते हुए नजर आ रहे हैं।6 वर्ष पहले रुदौली में लागू की गई नो एंट्री बेअसर हो गई है।नो एंट्री के समय में भी नगर से भारी वाहन गुजरते हैं। उन पर किसी प्रकार का कोई प्रतिबंधा नजर नहीं आता है। कोतवाली के सामने से बड़े वाहन गुजरते हैं। और पुलिस देखती रहती हूं नो एंट्री का पालन ना होने से जाम के झाम से नगर को मुक्ति नहीं मिल पाई। 19 मई 2016 को कोतवाली परिसर में व्यवसायियों व प्रशासनिक अफसरों के मध्य वार्ता के बाद में इंट्री व्यवस्था लागू की गई थी। इसके तहत सुबह 9:00 बजे से रात 8:00 बजे तक नगर में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया था। कुछ दिनों तक नो एंट्री का पालन हुआ। लेकिन रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण होने के बाद नो एंट्री व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो गई। नगर में नो एंट्री के लगाए गए बोर्ड भी अब नहीं नजर आते हैं। बोर्ड नहीं होने से अधिकतर वाहन चालकों को पता नहीं चलता है। चालक बेधड़क नगर में ओवरलोड वाहनों के साथ प्रवेश कर जाते हैं। नो एंट्री लागू होने के बाद यहां पर ट्रैफिक पुलिस के सिपाहियों की तैनाती की गई थी। अब यहां पर ट्रैफिक पुलिस भी नहीं नजर आती। इस संबंध में उप जिलाधिकारी स्वप्निल यादव व सीओ रुदौली ने बताया कि शीघ्र ही व्यापारियों के साथ बैठक कर इस गंभीर समस्या का समाधान किया जाएगा।सीओ रुदौली सत्येंद्र भूषण तिवारी ने बताया कि ट्रैफिक सिपाहियों के लिए पत्र लिखा गया है। सुबह 8:00 बजे से रात 8:00 बजे तक लागू करने पर विचार किया जा रहा है।

# आरोग्य मेले में लोगों ने कराया अपनी जांच

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रविवार को सभी पीएचसी पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित हुआ।इस मौके पर 80 चिकित्सकों व 270 पैरामेडिकल द्वारा सेवाएं प्रदान की गई।मेले में 627 पुरुष मरीज,524 महिला मरीज,251 बच्चे द्वारा अपना उपचार




लाभ प्राप्त किया गया।मेले में 13 आयुष्मान कार्ड बने।585 मरीज हेल्प डेस्क पर स्क्रीन हुए।113 कोविड टेस्ट 0 पॉजिटिव,13 आंख के मरीज,23 लिवर के मरीज,51 बुखार के मरीज,49 सांस के मरीज,121 पेट के मरीज,77 शुगर के मरीज, 128 चर्म रोग के मरीज,चार टीबी के सस्पेक्टेड मरीज,14 एनीमिया के,12 उच्च रक्तचाप के ,48 प्रसव पूर्व जांच,कुपोषित चिन्हित एवम ईलाज कोई नहीं,5 रेफर,10 मलेरिया जांच की गई जिसमें कोई पॉजिटिव कोई नहीं पाया गया।

सम्पादक मंडल
श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।